प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1- राजनीतिक सरगर्मी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन फिर पहुंचे दिल्ली, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद राजनीतिक रणनीति के खुलासे की संभावना।
2- झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने हेमंत सोरेन को भी दिया भाजपा में शामिल होने का न्यौता, कहा– मुद्दों पर सहमति बने तो पार्टी को हेमंत सोरेन का नेतृत्व भी स्वीकार।
3- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, पलामू से जेजेएमपी के तीन सदस्य हथियारों के साथ गिरफ्तार।
4- झारखंड समेत पूरे देश में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
5- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य में मानसून की स्थिति मजबूत रहने का जताया अनुमान, पलामू, लातेहार और गुमला में कुछ घंटों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

****

राजनीतिक सरगर्मी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज एक बार फिर दिल्ली पहुंचे हैं। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि श्री सोरेन के दोबारा दिल्ली जाने से उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा फिर तेज हो गयी है। मंत्रियों के करीबियों की माने तो नयी दिल्ली में वे आज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे और आगे की राजनीतिक रणनीति का खुलासा करेंगे।

****

इस बीच झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि चंपाई सोरेन काफी अनुभवी नेता हैं और उनके भाजपा में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।
रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने चंपाई सोरेन के साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भाजपा में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अगर घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर अपनी सहमति दें तो भाजपा उनका नेतृत्व स्वीकार करेगी।

****

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दावा किया है कि राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के सभी कार्यकर्ता और विधायक एकजुट हैं। रामगढ़ में वे आज पत्रकारों से बात कर रहे थे।

****

रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा है कि केन्द्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना की अनूठी विशेषताओं से रेलवे कर्मचारियों समेत अन्य केन्द्रीय कर्मचारियों को लाभ होगा।
उधर, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने भी एकीकृत पेंशन योजना की विशेषताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2004 के बाद जो भी कर्मी नियुक्त हुए हैं उन्हें यूनिफाइड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने पलामू जिले के सतबरबा थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने हथियार और कारतूस भी बरामद किये हैं। गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष कई खुलासे किए हैं।

****

उधर, जामताड़ा जिले के नाला थाना क्षेत्र से अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इधर, चतरा में भी पुलिस ने चोरी के हाइवा के साथ दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

****

रोजगार के लिए तमिलनाडु गये दुमका के 11 मजदूरों को बंधक बना लेने का मामला सामने आया है। सभी मजदूर संताल और पहाड़िया समुदाय से हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि

ग्रामीणों की इस शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। सभी बंधकों को सकुशल मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

****

मंकी पॉक्स को लेकर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा हेल्थ इमरजेंसी जारी करने के बाद पूरे राज्य में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने बताया कि इस सिलसिले में पलामू जिले के एमआरएमसीएच में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है।

****

हाथियों के एक झुंड ने लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड के नवडीहा गांव में आज उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने कई किसानों के धान की फसलों को नष्ट कर दिया। हाथियों के गांव में घुस आने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश कर रही है।

****

झारखंड समेत देशभर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। इस अवसर पर कई जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता और नृत्य नाटिका का मंचन किया जा रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रांची में दो दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को श्रीकृष्ण जनमाष्टमी की बधाई दी हैं।

****

पलामू जिले में खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट के तहत कल से स्पर्द्धाओं का आयोजन किया जा रहा है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के तीन जिलों पलामू, गुमला और लातेहार में अगले कुछ घंटों में गरज के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून अभी मजबूत स्थिति में है।

********समाप्त********